दिनांक 14.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मरीज के निवास के आसपास के क्षेत्रों में चलाया गया डेंगू नियंत्रण अभियान, हैदराबाद में हुई थी डेंगू की पुष्टि

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा जलजनित बीमारियों से बचाव एवं डेंगू के रोकथाम के लिए निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण वार्ड में टेमीफास का वितरण कर मच्छर के लार्वा को समाप्त करने के उपाय लोगों को बताये जा रहें हैं। इस कार्य में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानीन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य भी घर-घर निरीक्षण कर कूलर, टंकी, कन्टेनर, टायर में जमे बरसाती पानी में टेमीफॉस आदि का उपयोग उपरांत खाली करवाने का कार्य कर रही है। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्त को निर्देश दिये हैं कि डेंगू नियंत्रण एवं बचाव के लिए प्रतिदिन अपने-अपने जोन क्षेत्रों में सतत् भ्रमण करें निर्देश के परिपालन में जोन आयुक्त अपनी टीम के साथ स्वयं डेंगू नियंत्रण एवं जन जागरुकता अभियान के लिए क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहें हैं । वार्ड एवं मोहल्ले में फागिंग भी की जा रही है।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!